**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार के लिये निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-12 का उत्तर ।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 12(क) | क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड- कसमण्डा की ग्राम पंचायत- नवागांव के ग्राम-भौली में सूरज के मकान से रामदयाल गौतम के मकान तक मार्ग दूरी लगभग 255 मी0 बहुत ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन की समस्या बनी रहती है? | जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-कसमण्डा की ग्राम पंचायत- नवागांव के ग्राम-भौली में सूरज के मकान से रामदयाल गौतम के मकान तक मार्ग दूरी लगभग 255 मी0 है, जिसमें 100 मी0 मार्ग पर खडण्जा लगा हुआ है, जो कि क्षतिग्रत है तथा शेष 155 मी0 मार्ग कच्चा है। |
| (ख) | उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग पर इण्टरलॉकिंग का कार्य करायेंगे ? | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में नव निर्माण/अनुरक्षण हेतु कोई विभागीय बजट का प्राविधान न होने के कारण उक्त कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है। |
| (ग) | यदि हां, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री,
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।